www.recruitment.guru

विशेषण : माडल प्रश्न पत्र (27313)

01. वे शब्द जो किसी संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता प्रकट करते हैं, उन्हें कहते हैं–
   1. क्रिया
   2. अव्यय
   3. विशेषण
   4. अविकारी

02. जिस संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताई जाती है, उसे क्या कहते है?
   1. क्रिया
   2. विशेष्य
   3. विशेषण
   4. अव्यय

03. 'ये नीली पुस्तक मुझे दे दो' वाक्य में नीली क्या है?
   1. संज्ञा
   2. सर्वनाम
   3. विशेष्य
   4. विशेषण

04. विशेषणों की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्या कहते है?
   1. प्रतिविशेषण
   2. प्रविशेषण
   3. विविशेष्य
   4. इनमें से कोई नहीं।

05. वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दोष, रंग, स्वभाव, दशा आदि का बाध कराते है, वे क्या कहलाते हैं?
   1. गुणवाचक विशेषण
   2. संख्यावाचक विशेषण
   3. परिणामवाचक विशेषण
   4. संकेतवाचक विशेषण

06. वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध कराते हैं, वे शब्द क्या कहलाते हैं?
   1. गुणवाचक विशेषण
   2. संख्यावाचक विशेषण
   3. परिणामवाचक विशेषण
   4. संकेतवाचक विशेषण

07. संख्यावाचक विशेषण के कितने भेद होते हैं?
   1. दो
   2. तीन
   3. चार
   4. पांच

08. विशेषण की कितनी अवस्थाएं होती है?
   1. दो
   2. तीन
   3. चार
   4. पांच

09. 'शिम्पी सार्थक से अच्छी लड़की है।' वाक्य में विशेषण की किस अवस्था का वर्णन है?
   1. मूलावस्था
   2. उतरावस्था
   3. उतमावस्था
   4. इनमें से कोई नहीं।

10. 'किरण कक्षा में श्रेष्ठतम छात्रा है।' वाक्य में विशेषण की किस अवस्था का वर्णन है?
   1. मूलावस्था
   2. उतरावस्था
   3. उतमावस्था
   4. इनमें से कोई नहीं।

11. 'बुद्धि' का विशेषण कौन सा है?
   1. बुद्धिहीन
   2. बुद्धित्व
   3. बुद्धिपन
   4. बुद्धिमान

12. 'लडना' का विशेषण होगा–
   1. लड़ाई
   2. लड़कपन
   3. लड़ाकू
   4. उपर्युक्त सभी

13. वे विशेषण जो व्यक्तिवाचक संज्ञाओं से बनकर अन्य संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाते है, वे विशेषण कहलाते हैं–
   1. संख्यावाचक
   2. संकेतवाचक
   3. गुणवाचक
   4. व्यक्तिवाचक

14. 'इस गेंद को मत फेंको।' में किस प्रकार का विशेषण प्रयोग हुआ है?
   1. सार्वनामिक
   2. संख्यावाचक
   3. गुणवाचक
   4. परिणामवाचक

15. जोधपुरी जूती, बनारसी साड़ी आदि में किस प्रकार का विशेषण है?
   1. व्यक्तिवाचक
   2. सार्वनामिक
   3. परिणामवाचक
   4. गुणवाचक

16. 'राम अच्छा लड़का है।' में विशेषण की किस अवस्था का बोध होता है?
   1. मूलावस्था
   2. उत्तरावस्था

providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for

www.recruitment.guru

3. उत्तमावस्था
4. इनमें से कोई नहीं।

17. 'कौन' का विशेषण क्या होगा?
1. क्या
2. कैसे
3. कैसा
4. कब

18. 'दूर' का विशेषण क्या होगा?
1. दूरी
2. दूरदराज
3. उपर्युक्त दोनों
4. दूरस्थ

19. 'आज मैंने अधिक केले खा लिए ।' में रेखांकित शब्द में प्रयुक्त विशेषण बताओ।
1. संख्यावाचक
2. परिणामवाचक
3. गुणवाचक
4. संकेतवाचक

20. 'आज मैंने अधिक पानी पी लिया ।' में रेखांकित शब्द में प्रयुक्त विशेषण बताओ।
1. संख्यावाचक
2. गुणवाचक
3. परिणामवाचक
4. संकेतवाचक

21. सार्वनामिक विशेषण का कौन सा उदाहरण नहीं है?
1. यह घर हमारा नहीं है।
2. यह बस आगरा जाएगी।
3. कौन लड़की आई है।
4. उपर्युक्त सभी सत्य है।

22. निम्न में से कौन सा असत्य है?
1. यह राम की पुस्तक है। – निश्चय वाचक सर्वनाम
2. यह पुस्तक राम की है। – निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण
3. वह हमारा घर है। – निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण
4. उसने मेरी पुस्तक चुराई है – निश्चयवाचक सर्वनाम

23. 'बुरों' का साथ मत दो।' रेखांकित शब्द है?
1. संज्ञा
2. सर्वनाम
3. विशेषण
4. विशेष्य

24. 'किसने तुम्हे मारा है?' वाक्य में रेखांकित शब्द है।
1. संज्ञा
2. सर्वनाम
3. विशेषण
4. विशेष्य

25. जिस काम को करना न हो, उस पर विचार करना मूर्खता है। वाक्य में रेखांकित शब्द है–
1. संज्ञा
2. सर्वनाम
3. विशेषण
4. विशेषताएं

26. विशेष्य से पूर्व आने वाले विशेषण क्या कहलाते है?
1. मूल विशेषण
2. उद्देश्य विशेषण
3. विधेय विशेषण
4. कोई नहीं।

27. विशेष्य के बाद आने वाले विशेषण क्या कहलाते है?
1. मूल विशेषण
2. उद्देश्य विशेषण
3. विधेय विशेषण
4. कोई नहीं।

28. 'मनोज के लिए ठण्डा पानी लाओ।' वाक्य में किस प्रकार का वि शेषण प्रयुक्त हुआ है?
1. उत्तर विशेषण
2. उद्देश्य विशेषण
3. विधेय विशेषण
4. कोई नहीं।

29. वह मंदिर ऊंचा है।'– वाक्य में किस प्रकार का विशेषण प्रयोग हुआ है?
1. उद्देश्य विशेषण
2. विधेय विशेषण
3. उपर्युक्त दोनों
4. इनमें से कोई नहीं।

30. ज्यादा, कम, तनिक, आदि में किस प्रकार का विशेषण है?
1. गुणवाचक
2. परिणामवाचक
3. सार्वनामिक
4. कोई नहीं

providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for

www.recruitment.guru

उत्तरमाला

01. 3	16. 1
02. 2	17. 3
03. 4	18. 4
04. 2	19. 1
05. 1	20. 3
06. 2	21. 4
07. 1	22. 3
08. 2	23. 1
09. 2	24. 2
10. 3	25. 3
11. 4	26. 2
12. 3	27. 3
13. 4	28. 2
14. 1	29. 2
15. 1	30. 2

providing a piece of information. This is not an official one. This might be used for